## सार-समाचार

### लड़ते नंदियों की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत, नंदीशाला की मांग को लेकर फूटा जन आक्रोश

**रतनगढ़,** (निसं)। चार फरवरी को देर शाम लड़ते हुए नंदियों की चपेट में आकर घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रतनगढ़ के वार्ड संख्या 14, नाइयों के मंदिर के पास निवासी 85 वर्षीय अमरचंद दाधीच 04 फरवरी को बाइक के पीछे बैठकर घर लौट रहे थे। सायं करीब 6 बजे अशोक स्तंभ के पास पुरानी आईटीआई के नजदीक लड़ते हुए नंदियों के मोटरसाइकिल से टकरा जाने के कारण वे सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई।घायल अवस्था में उन्हें तुरंत रतनगढ़ के राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सीकर रेफर किया गया। लगातार हालत गंभीर बने रहने और होश नहीं आने पर उन्हें सीकर से जयपुर के एस.एम.एस. अस्पताल के लिए रेफर किया गया, लेकिन 08 फरवरी की देर शाम उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जैसे ही मौत की सूचना मिली, कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।सोमवार 09 फरवरी को जालान मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार के बाद घटना से आक्रोशित सर्व समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी रतनगढ़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर में खुलेआम घूम रहे बेसहारा नंदियों के लिए नंदीशाला अथवा अन्य समुचित व्यवस्था करने की मांग की गई। साथ ही शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर जन आंदोलन की चेतावनी दी गई।इस दौरान लोगों ने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उपखंड अधिकारी की ओर से यह ज्ञापन तहसीलदार पूजा पारीक ने प्राप्त किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में सर्व समाज के गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सीए संवाद सेमिनार आयोजित

**सीकर,** (निसं)। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर सीए संवाद सेमिनार सोमवार हो हुआ। भाजपा के जिला बजट प्रचार अभियान संयोजक सीए श्रीहरि बियानी ने बताया कि सीए सेमिनार में केंद्रीय बजट को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवाओं में बायोफार्मा में मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। बुजुर्गों और संबद्ध देखभाल सेवाओं के लिए अगले वर्ष 1.5 लाख बहु-कौशल देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। आपातकालीन और ट्रोमा केयर सेंटर जिला अस्पताल केंद्रों की क्षमता 50 प्रतिशत तक बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट में कृषि और ग्रामीण कल्याण के क्षेत्र में किसानों को खेती के लिए कस्टमाइज्ड सलाह प्रदान करेगा। ग्रामीण महिला उद्यिमयों के लिए सामुदायिक स्वामित्व वाले रिटेल आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। नारियल संवर्धन योजना में उत्पादकता बढ़ाने के लिए पुराने पेड़ों को नई किस्म में बदला जाएगा। इसके साथ ही युवा, शिक्षा और खेल, छोटे करदाताओं के लिए सहायता, बुनियादी ढांचा और शहरी विकास को बढ़ावा देना, दिव्यांगजनों के लिए सशक्तिकरण में आजीविका के अवसर प्रदान करेगा। सेमीनार में जिला बजट प्रचार अभियान संयोजक सीए श्रीहरि बियानी, सहसंयोजक सीए राजीव लोचन शर्मा, सीए अभिषेक सोनी, सीए शुभम शर्मा, सीए अरुण भास्कर, सीए राजेश गोयल, सीए शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सहकारी बैंक शिविर से किसानों को मिला नया अवसर

**सीकर** (निसं)। सांवलपुरा तंवरान गिरदावर सर्किल में 9 फरवरी 2026 सोमवार को आयोजित कैम्प के दौरान सीकर केन्द्रीय सहकारी बैंक से संबंधित अजमेरी, जुगलपुरा एवं चिपलाटा ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, सरपंचगण, समिति अध्यक्ष, व्यवस्थापक एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर के दौरान सांवलपुरा तंवरान ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को नवीन समिति का प्रमाण पत्र दिया गया साथ ही नवीन सदस्यों को अल्पकालीन फसली ऋण वितरण किया गया। कृषकों व ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही सहकारी समितियों में सदस्यता के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में आने वाले कृषकों को सहकारी समितियों में जुड़ने के लिए सहकारी समितियों में जारी विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से पर्यवेक्षणीय अधिकारी व समिति व्यवस्थापकों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### भोमपुरा में शिव प्रतिमा एवं मोक्ष धाम टीनशेड का लोकार्पण

**झुंझुनूं,** (निसं)। ग्राम भोमपुरा में भामाशाह विद्याधर गिल एवं उनके परिवार के सहयोग से निर्मित भव्य शिव प्रतिमा तथा मोक्ष धाम में निर्मित टीन शैड का लोकार्पण विधायक राजेंद्र भांबू द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विश्वंभर पूनियां विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही श्री कृष्ण महला, हरपाल सरपंच बीबासर, उम्मेद श्योराण, राजू चाहर, रामचंद्र गढ़वाल, सुरेश कुमार शर्मा, मनोज शर्मा भोमपुरा, चांदसिंह तोगड़ा खुर्द, मुकेश पातुसरी, भगवानाराम खीचड़ एवं बनवारी टेलर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक राजेंद्र भांबू ने भामाशाह विद्याधर गिल एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक कार्य ग्राम विकास के साथ-साथ समाज में सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी इस पुनीत कार्य के लिए भामाशाह परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक समरसता के वातावरण में हुआ।

### जागरूकता शिविर आज

**सीकर** (निसं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सीकर महाप्रबन्धक विकास सिहाग ने बताया कि उद्योग विभाग द्वारा आमजन एवं उद्यिमयों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन 10 फरवरी 2026 को प्रात: 11.30 बजे पालड़ीवाला, आईटीआई एण्ड वोकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बंजारों की बस्ती के पास, बेरास बासनी रोड, लक्ष्मणगढ़, सीकर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना व पॉलिसीयों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, अनुदान, ऋण सुविधा एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### सुरक्षित इंटरनेट पर जागरूकता कार्यशाला आज

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी समस्त को निर्देश दिये है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में फरवरी माह के दूसरे 10 फरवरी, 2026 मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाना है। दिवस की थीम : स्मार्ट टेक, सुरक्षित विकल्प के सुरक्षित और जिम्मेदार इस्तेमाल की खोज रखा गया है। जिले के समस्त कार्यालयों, राजकीय, निजी महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में जागरूकता सत्र आयोजित किये जाने है। जिनमें स्थानीय हितधारकों को शामिल करते हुए उन्हें साइबर खतरों, ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षित रहने के तरीकों की जानकारी देनी है।

### भाजयुमो की बैठक आज

**सीकर** (निसं)। भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को सुबह 11.30 बजे आयोजित की गई है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने बताया कि बैठक जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के नेतृत्व में होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में आगामी पंचायत, निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं 16 फरवरी को भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा के सीकर आगमन पर स्वागत की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में भाजयुमो के जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि भाग लेंगे।

### मोनालिसा ब्लड सेंटर का शुभारंभ किया

**नोहर,** (निसं)। स्थानीय टैगोर चौक के नजदीक मोनालिसा चेरिटेबल ब्लड सेंटर का विधायक अमित चाचाण ने विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन भी किया गया जिसमें 50 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन मोनिका खटोतिया, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण भाकर, कृषि उपज मंडी निवर्तमान चेयरमैन बलवीर सुथार, पी. एम. ओ डॉ. हंसराज शर्मा, युवा नेता अनिल पारीक, मनीराम छिम्पा, वरिष्ठ पत्रकार मोहरसिंह,अजय सरावगी भव्य शुभारंभ की साक्षी बने।

# डालसा सचिव ने बीडीके अस्पताल के पालना गृह का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं के पालना गृह का जिला जज दीपा गुर्जर तथा डालसा सचिव एडीजे डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी ने निरीक्षण किया गया। पालना गृह की मॉक ड्रील करते हुए पालना के बेड पर वजन रखा तो आपातकालीन इकाई मे घंटी बजी तो स्टाफ दौड़ते हुए पालना गृह की ओर आया।

इसी दौरान जिला जज दीपा गुर्जर ने अस्पताल मे अब तक आए पालानगृह में बच्चों की संख्या के बारे में जानकारी ली गई। जिलेभर के सभी पालना गृहों में बीडीके अस्पताल में सर्वाधिक नवजात छोड़े गए है तथा परिजनों की पहचान उजागर नहीं की जाती है। अस्पताल के मुख्य द्वार, स्वागत कक्ष, नवजात शिशु इकाई, ओपीडी समेत विभिन्न जगहों लगाई गई आईईसी का अवलोकन किया गया तथा बडा पोस्टर मुख्य द्वार पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। धूप से फीकी हो रही आईईसी को फिर से प्रदर्शित करने एवं ओपीडी, आईपीडी मे आमजन को पालनागृह के बारे में बताने के लिए निर्देशित किया गया। जिला जज ने अस्पताल की साफ सफाई एवं वार्ड आईसीयू की सेवाओं को बेहतरीन बताया तथा बीडीके अस्पताल में जल्द ही वीसी के माध्यम से गवाही करवाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।



राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं के पालना गृह का जिला जज दीपा गुर्जर तथा डालसा सचिव एडीजे डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी ने निरीक्षण किया गया।

**शहर में स्थित दो रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया:-** इसी तरह जिला जज दीपा गुर्जर तथा डालसा सचिव एडीजे डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी द्वारा नगर परिषद झुंझुनूं तथा पंचदेव मंदिर के पास स्थित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। दीपा गुर्जर ने बताया कि रैन बसेरों के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कड़ाके की ठंड के बीच रैन बसेरों में ठहरे हुए निराश्रितों और जरूरतमंदों को मिलने वाली सुविधाओं और कानूनी अधिकारों की उपलब्धता को जांचना था। डालसा अध्यक्ष जिला जज दीपा गुर्जर ने रैन बसेरों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, बिस्तरों की स्वच्छता और अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। अध्यक्ष दीपा गुर्जर द्वारा रैन बसेरे में रात्रि विश्राम के लिए उपस्थित आने वालों की संख्या काफी कम पाए जाने पर उक्त रैन बसेरों के प्रचार-प्रसार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि बिस्तरों पर चादरें नियमित रूप से बदली जाएं और पर्याप्त संख्या में कंबलों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। रैन बसेरे के रजिस्टर की जांच की गई और वहां ठहरे हुए लोगों की जानकारी ली गई। अध्यक्ष ने बताया कि यदि रैन बसेरे में रह रहे किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता की आवश्यकता है, तो वह सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकता है।

## सार-समाचार

### 'आयुष्मान भारत योजना में इलाज राशि 20 लाख की जाए'

**झुंझुनूं,** (निसं)। सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की पात्रता और सीमित इलाज राशि को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए। सांसद ने कहा कि सरकार आज भी योजना की पात्रता वर्ष 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) के आंकडों पर तय कर रही है। जो वर्तमान सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं से लगभग पूरी तरह से अलग हैं। 15 वर्ष पुराने आंकडों के आधार पर आज के गरीबों की पहचान करना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में महंगाई, बेरोजगारी, कोरोना महामारी और आर्थिक संकट के कारण लाखों परिवार गरीबी रेखा के नीचे आए हैं। लेकिन वे आयुष्मान भारत योजना से बाहर हैं। झुंझुनूं संसदीय क्षेत्र सहित राजस्थान में आज भी बड़ी संख्या में गरीब परिवार गंभीर बीमारी के समय इलाज से वंचित रह जाते हैं और कर्ज, जमीन-जेवर गिरवी रखने या इलाज छोड़ने को मजबूर हैं। सांसद ने कहा कि वर्तमान पांच लाख रूपए की इलाज सीमा आज की अनेक बीमारियों की चिकित्सा लागत के मुकाबले बेहद अपर्याप्त है। निजी अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का खर्च कई गुना बढ़ चुका है, जिससे गरीब परिवारों को फिर से जेब से खर्च करना पड़ रहा है। सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की हैं की आयुष्मान भारत योजना की पात्रता के लिए नवीनतम आंकड़ों का उपयोग कर वंचित गरीब परिवारों को तुरंत योजना में शामिल किया जाए तथा इलाज सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपए प्रति वर्ष किया जाए। ताकि यह योजना वास्तव में गरीबों के लिए संजीवनी बन सके।

### शिविर में कुल 1410 यूनिट रक्त संग्रहित

**झुंझुनूं,** (निसं)। हितेष फाउंडेशन सोसायटी व नवयुवक मंडल सीतसर के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय हितेष बुडानिया की छठवीं पुण्यतिथि पर वार्ड नंबर 13 स्थित सामुदायिक विकास भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हितेष के दादाजी चौधरी नाथाराम बुडानिया द्वारा किया गया। शिविर में राजकीय बीडीके अस्पताल के ब्लड बैंक सहित अन्य कई निजी अस्पतालों की ब्लड संग्रहण टीमों द्वारा रक्तदान शिविर में सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में रक्तदान के लिए युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। शिविर में कुल 1410 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। वहीं झुंझुनूं जागृति मंच की ओर से आयोजित जीवन सुरक्षा एवं जन जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को हादसों में घायलों की मदद करने का संकल्प करवाया गया। इस दौरान बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू भी उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने वाले सभी युवाओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। हितेष फाउंडेशन की ओर से राजकृष्ण लोयल ने रक्तदान करने वाले युवाओं व शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस दौरान प्रमोद बुडानिया, अंकित, विकास, अजय, राहुल, सरवन, प्रकाश, संजय, राकेश, सुनिल, अनिश, हेमंत, राजपाल व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व युवा साथी उपस्थित रहे।

# नटखट श्याम मंडल सीकर की 13वीं निशान पदयात्रा रवाना

**सीकर,** (निसं)। नटखट श्याम मंडल सीकर की 13वीं निशान पदयात्रा श्रद्धा व उल्लास के साथ रवाना हुई। नटखट श्याम मंडल सीकर के कमल पटवारी ने बताया कि यात्रा में कुल 55 निशान, 11 चांदी के निशान एवं 151 पदयात्री शामिल हुए।

समिति सदस्य नवरंग अग्रवाल एवं दीपांशु मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 7:15 बजे निशान पूजन के पश्चात गाजे-बाजे के साथ निशान पदयात्री भारत भूषण अग्रवाल के निवास स्थान, ज्ञान भारती स्कूल की गली, राधाकिशनपुरा से रवाना हुए। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया गया।तत्पश्चात पदयात्री शशांक ऑटोमोबाइल फिटनेस सेंटर तक झूमते-गाते पहुंचे, जहां संदीप पटवारी द्वारा सभी पदयात्रियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी यात्री बसों द्वारा मंडा मोड़ स्थित फार्म हाउस पहुंचे, जहां सदस्यों के लिए नाश्ते की व्यवस्था रही। समिति सदस्य सज्जन अग्रवाल एवं विनोद पटवारी ने बताया कि फार्म हाउस से सभी श्याम भक्त बाबा श्याम का निशान लेकर खाटू श्याम जी के लिए रवाना हुए।

संपूर्ण निशान पदयात्रा मार्ग में पदयात्रियों के लिए जगह-जगह विश्राम, अल्पाहार एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। समिति सदस्य बाबूलाल अग्रवाल एवं संतोष पटवारी द्वारा श्याम भक्तों की भोजन-पानी की व्यवस्थाओं का संचालन किया गया। समिति सदस्य संजय अग्रवाल एवं एल.बी. अग्रवाल ने बताया कि सायंकाल पदयात्रियों के लिए लोहारू धर्मशाला में अल्पाहार की व्यवस्था की गई तथा निशान यात्रा पूर्ण होने पर मंडा मोड फार्म हाउस में रात्रि भोजन की व्यवस्था की गई।

यहीं पर साधारण समारोह के रूप में निशान पदयात्रा का समापन किया गया।यात्रा के दौरान प्रेम मंदिर परिसर में स्थित प्रसिद्ध सेल्फी प्वाइंट पर सभी पदयात्रियों ने निर्धारित ड्रेस कोड में एकत्र होकर सामूहिक ग्रुप फोटो भी खिंचवाई, जो हर वर्ष की परंपरा के अनुसार यात्रा की एक विशेष स्मृति रही।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 फरवरी से

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार किया जाएगा। इस चरण में स्व-गणना का कार्य 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक तथा फील्ड कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक किया जाना प्रस्तावित है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय तथा नियमित सहायकों का तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण जिला स्तर पर जनगणना कार्य निदेशालय के अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 12 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में आयोजित किया जाएगा।

### शिविर 25 को

**रतनगढ़,** (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रूस्ट ,शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में श्री भंवरलाल विनितादेवी बैद चैरीटेबल ट्रूस्ट द्वारा 36वा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 25 फरवरी 2026 बुधवार को माहेश्वरी भवन, रामचंद्र पार्क के पास होगा।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/S. BALAJI TILES WORD NO.32 NEAR KDM HOSPITAL SURAJGARH BAYPASS ROAD CHIRAWA, झुंझुनूं फर्म पंजीयन क्रमांक RF/JJN/ 2023/3184 दिनांक 20/08/2023 द्वारा रजिस्ट्रार ऑफ फॉर्म झुंझुनूं के यहां पंजीकृत है उसे फर्म में श्रीमान रामातवर S/o श्री मूलचंद सिंह साझेदार है जो की 21 जनवरी 2026 को रिटायर हो गए ओर उनकी साझेदारी से पहले साझेदार अनिल कुमार S/o श्री संत कुमार ने ली है। नई साझेदारी अनिल कुमार S/o श्री संत कुमार ओर खुबिराम S/o श्री नारायण सिंह के मध्य रहेगी। किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर रजिस्ट्रार ऑफ फॉर्म झुंझुनूं के यहां आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**बेदखली सूचना**

मनके कृष्ण कुमार पुत्र ओमप्रकाश एवं सुमित्रा पत्नि कृष्ण कुमार जाति मेघवाल निवासी मानपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू के है जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करते है कि:- 1. यह कि गरीमा हमारी पुत्री है, हमारी उक्त पुत्री आवारा प्रवृति के लोगों की संगत में रहती है, हमारे द्वारा समझाने पर नहीं मान रही है, हमारी उक्त पुत्री ने हमारी मर्जी के खिलाफ किसी के साथ शादी करके हमारे से अलग रह रही है, इसलिए हमनें आज दिनांक 09.02.2026 को हमारी उक्त पुत्री गरीमा को हमारी व हमारे परिवार की सम्पूर्ण चल व अचल जायदाद व सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, आज से हमारी उक्त पुत्री का हमारी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है।आज के बाद हमारी उक्त पुत्री के द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार हम नहीं होंगे, लेन देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे, हमारे घर व परिवार से इसका कोई लेना देना नहीं रहा है। आज के बाद हमारी उक्त पुत्री की हमारी व हमारे परिवार की कोई किसी प्रकार भी की जिम्मेवारी नहीं होगी। हम सर्व साधारण को सूचित करते है कि सूचित रहे।
दिनांक-09.02.2026
शपथग्रहिता-कृष्ण कुमार एवं सुमित्रा

**विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सहायक कलेक्टर महोदय, नवलगढ
**हरिराम बनाम मोहनी देवी वगैरह**
वाद पत्र बाबत् उदघोषणार्थ, रिकॉर्ड दुरूस्ती, विभाजन व स्थाई व्यादेश अं.धारा 88, 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955
वाद सं. 84/2025

1. फूलचन्द पुत्र रामलाल निवासी ठाम नया परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज.। प्रति 8
2. भागोती देवी पत्नी मेघाराम निवासी ग्राम नया परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज. । प्रति - 1
3. रामनिवास पुत्र भगवाना निवासी ग्राम नया परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज.। प्रति-10
4. बिजेश रणवा पुत्र अमरचन्द निवासी ग्राम नया परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज. । प्रति-18
5. उंकारमल पुत्र कजोडमल निवासी परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज। प्रति 24
6. नरेन्द्र कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज. प्रति-25
7. रामदेव सिंह पुत्र महादेवाराम निवासी परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज। प्रति 28
8. सरदार सिंह पुत्र झाबर सिंह निवासी परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज.। प्रति 29
9. 10. बनवारीलाल पुत्र रामसिंह निवासी देवगांव तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज.। प्रति-30 मनोज कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज.। प्रति 42
11. राधेश्याम पुत्र पूर्णमल निवासी परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज। प्ररि 55
12. विजय कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी परसरामपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज.। प्रति-58

वादी ने आपके विरूद्ध दावा बाबत् उद्घोषणार्थ, रिकॉर्ड दुरूस्ती, विभाजन व स्थाई व्यादेश के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 10 माह 0.3. सन् 2026 को दिन में 10.00 बजे बजे दावे का उतर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रशनों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रशनों का उतर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजें को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 5 माह 2 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
प्रस्तुतकार-सहायक कलेक्टर महोदय नवलगढ
मोहर अदालत
सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नवलगढ


# सूरजगढ़ में आस्था का महाकुंभ 17 फरवरी से

**सूरजगढ़,** (निसं)। क्षेत्र में स्थित गांव सुजडौला में फरवरी माह में भक्ति, आनंद और सनातन चेतना का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। 17 से 25 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा और इसके पश्चात 25 से 27 फरवरी तक होने वाले ऐतिहासिक धार्मिक मेले को लेकर पूरे इलाके में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। यह आयोजन बाबा आकाश गिरी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। जिसमें कथावाचक आनंद कृष्ण महाराज भक्तों को भक्ति रस से सराबोर करेंगे। सूरजगढ़ क्षेत्र के गांव सुजडौला में 17 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का विशाल आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में कथावाचक आनंद कृष्ण महाराज अपने ओजस्वी प्रवचनों और भावपूर्ण कथावाचन के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और सनातन मूल्यों का जीवंत वर्णन करेंगे। कथा आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की शुरुआत 17 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। जानकारी साझा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी महेश बसावतिया ने बताया कि इस कलश यात्रा में सैंकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर गांव की गलियों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगी। ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयघोष के साथ निकाली जाने वाली यह यात्रा धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगी।

25 फरवरी को गांव सुजडौला स्थित बाबा मठीवाला, बाबा काशीपुरी और बाबा मोहन गिरी के समाधि स्थलों पर भव्य धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 27 फरवरी तक चलेगा। जिसमें सुजडोला, बास, दमकोरा, लीखवा और छापड़ा गांवों की सामूहिक सहभागिता रहेगी। तीन दिवसीय यह आयोजन पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देगा।

# कांग्रेस ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के बगड कस्बे के वार्ड 19 बनिया वाली ढाणी में जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। हाल ही में शाकिर हुसैन को जिला सचिव व अब्दुल रहमान इस्लामपुर को ब्लॉक की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित कर उनका माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी सदस्य रणजीतसिंह चंदेलिया, विशिष्ट अतिथि दिव्यज्योति लाइब्रेरी के प्रबंधक श्यामलाल सैनी, पूर्व पार्षद सुभाष आल्हा, शुभकरण बरबड़, क्यूम लुहार, अहमद मास्टर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पार्षद रामनिवास सैनी ने की। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य चंदेलिया ने कार्यक्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और कार्यकर्ता के बल पर पार्टीयां सत्ता में आती हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं को भी पुरा सम्मान मिले। नवनियुक्त जिला सचिव शाकिर हुसैन व ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल रहमान ने भी पार्टी को मजबूत करने की बात कही। रतन आल्हा, मेक मोहम्मद, महेंद्र कुमावत, मोहम्मद अली लुहार, शुभराती, शौकत अली, पूर्व क्रय विक्रय समिति सचिव नत्थुराम सैनी, इरसाक, जोगेंद्र सैनी, तायर हुसैन, लीलाधर सैनी ने अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रणजीतसिंह चंदेलिया किया। इस अवसर पर मुस्तफा, मोहम्मद आरिफ, अंजूम लुहार, इरशाद जाकिर, मास्टर असलम तंवर, मोहम्मद अब्बास सहित वार्ड की महिलाएं व कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**ब्लॉक अध्यक्षों की भी नियुक्ति:-** इधर, जिला कार्यकारिणी के बाद जिलाध्यक्ष संतोष सैनी ने प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जिसके तहत अब्दुल रहमान तेली झुंझुनूं, महेंद्र डारा गिडानिया, श्रीचंद कुमावत मंडावा, सुशील जांगिड़ अलसीसर, विजय कुमार सूरजगढ़, तुलसीराम सैनी बुहाना, सुभाष यादव खेतड़ी-1, कैलाश गुर्जर खेतड़ी-2, सुभाष भांबू चिड़ावा, रामनिवास जांगिड पिलानी, रामकरण सैनी उदयपुरवाटी, मुकेश कुमावत गुढ़ागौड़जी, चंद्रप्रकाश जांगिड मुकुंदगढ़, महेंद्र कुलहरि को नवलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। सैनी ने बताया कि ज़िले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के सहयोग से गठित ओबीसी विभाग की इस नव कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएंगे और ज़िले में कांग्रेस पार्टी को मज़बूती प्रदान करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगे।

# नि:शुल्क अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर कल, पोस्टर का विमोचन किया

**चूरू** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी परिसर में राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे अंतरंग क्षारसुत्र शल्य चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धतियां सुरक्षित व प्रभावी हैं। इस प्रकार के विशेष शिविरों से आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिलेगी तथा गंभीर रोगों के उपचार में भी लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिक से अधिक रोगियों को शिविर का लाभ उठाने की अपील की। इसी क्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने शिविर के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने शिविर के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह जाट ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 11 से 20 फरवरी 2026 तक अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर जिला मुख्यालय के प्रतिभा नगर स्थित राजकीय एकीकृत जिला आयुष चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा। शिविर में आमजन को आयुष पद्धित से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में क्षार सूत्र विधि से पाइल्स (अर्श), भगन्दर सहित मलद्वार के रोगों का शल्य चिकित्सा द्वारा नि:शुल्क इलाज किया जाएगा तथा भोजन व आवास की व्यवस्था भी नि:शुल्क होगी। इस 10 दिवसीय शिविर में अन्य रोगों के भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जाएगा और पंचकर्म, अग्निकर्म, स्त्री रोग तथा सामान्य चिकित्सा से भी लाभान्वित किया जाएगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक डॉ. राधेश्याम, सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा, शिविर प्रभारी डॉ. रामकृष्ण शर्मा, डॉ. मनीराम शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश चॉयल, डॉ. नीतू, डॉ. अजय कौशिक योगेन्द्र शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति तथा आगामी पंचायती राज चुनाव-2026 की पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति को तेज करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें तथा सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण से संतुष्टि प्रतिशत में उल्लेखनीय सुधार लाएँ। बैठक में कुसुम योजना (कंपोनेंट ए एवं सी), लाडो प्रोत्साहन योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 सहित अन्य प्रमुख योजनाओं में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। एडीएम सिटी भावना शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण तथा लाइट्स पोर्टल में निर्धारित समय-सीमा के भीतर जवाबनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।